एमडीआई गुड़गांव ने मनाया दीक्षांत समारोह

गुड़गांव, 24 मार्च (ब्यूरो): मैनेजमेन्ट डेवलपमेन्ट इंस्टीट्यूट (एमडीआई) गुड़गांव ने 2024 में ग्रेजुएशन करने वाली क्लास के लिए अपने दीक्षांत समारोह का आयोजन किया, गर्व, प्रेरणा और जश्न के साथ इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

23 मार्च 2024 में आयोजित इस समारोह में मेहमानों, फैकल्टी, छात्रों और परिवारों ने हिस्सा लिया और ग्रेजुएशन करने वाले छात्रों की उपलब्धियों का जश्न मनाया। एस.एन. सुब्रमण्यन, चेयरमैन एवं मैनेजिंग डायरेक्टर, लार्सन एण्ड टूब्रो लिमिटेड इस अवसर पर माननीय मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे। दीक्षांत समारोह की शुरूआत एस.एन. सुब्रमण्यन के आगमन के साथ हुई, जिसके बाद एमडीएआई गुड़गांव के लीडरशिप के साथ बैठक एवं लंच का आयोजन किया गया। दोपहर में ग्रुप फोटोग्राफ सैशन हुआ, जिसमें इस आयोजन के खास पलों को कैमरे में कैद किया गया। हॉल में प्रवेश के साथ औपचारिक शुरूआत हुई। जिसके बाद एमडीआई गुड़गांव के बोर्ड ऑफ गवर्नर्स के चेयरमैन ने शिक्षा की देवी सरस्वती के आशीर्वाद के आह्वान के साथ दीक्षांत समारोह शुरू करने की घोषणा की। सबसे पहले सभी मेहमानों का स्वागत किया गया। एमडीआई गुड़गांव के डायरेक्टर अरविंद सहाय ने संस्थान की उपलब्धियों की रिपोर्ट प्रस्तुत की तथा भविष्य के लिए इसका दृष्टिकोण साझा किया। एमडीआई गुडगांव के दीक्षांत 2024 में विभिन्न पोस्ट ग्रेजुएट प्रोग्रामों के कुल 646 छात्रों ने डिप्लोमा प्राप्त किया। इनमें से उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 19 छात्रों को मैडल्स से सम्मानित किया गया। बैच की उपलब्धियां एमडीआई गुड़गांव की धरोहर को परिभाषित करती हैं।